NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 18-छोटी का कमाल

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 18-छोटी का कमाल

Class 1st Hindi Chapter 18 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 18 Notes.

## NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 18-छोटी का कमाल

NCERT 1st Hindi Chapter 18, class 1 Hindi Chapter 18 solutions

कविता का सारांश

'छोटी का कमाल' कविता के कवि सफ़दर हाश्मी हैं। इस कविता में उन्होंने एक मोटे लड़के और एक पतली लड़की का बड़े ही चुटीले शब्दों में वर्णन किया है। कवि कहता है कि समरसिंह नामक एक लड़का अपने मोटापे पर बहुत घमंड करता था। वह 'छोटी' नामक एक दुबली-पतली लड़की को हेय दृष्टि से देखता था। वह अपने को आलू भरा पराँठा और छोटी को पतली रोटी कहता था। वह अपने को लंबा, मोटा-तगड़ा तथा मोटा पटसन का रस्सा समझता था, जबकि छोटी को दुबली-पतली तथा छोटी कच्ची

सुतली। लेकिन जब दोनों सी-सॉ पर बैठे तो समरसिंह के होश ठिकाने आ गए। हल्की होने के कारण छोटी झूले के दूसरे हिस्से में चोटी पर पहुँच गई और समरसिंह भारी होने के कारण झूले के दूसरे छोर पर नीचे रह गया। समरसिंह की अकड़ दूर हो गई।

काव्यांशों की व्याख्या

1. समरसिंह थे बहुत अकड़ते,

छोटी, कितनी छोटी।

मैं हूँ आलू भरा पराँठा.

छोटी पतली रोटी।

मैं हूँ लंबा, मोटा तगड़ा,

छोटी पतली दुबली।

मैं मोटा पटसन का रस्सा,

छोटी कच्ची सुतली।

शब्दार्थ: अकड़ना-घमंड दिखाना। पटसन-एक पौधा, जिसके रेशे से रस्सी, बोरा आदि बनाए जाते हैं। सुतली-डोरी. रस्सी।

प्रसंग: उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'छोटी का कमाल' से ली गई हैं। यह कविता सफ़दर हाश्मी द्वारा रचित है। इसमें उन्होंने एक मोटे लड़के के घमंड को दर्शाया है।

व्याख्या: समरसिंह नामक लड़के को अपने मोटापे पर बहुत घमंड है। वह पतली लड़की छोटी को बड़े ही उपहास की दृष्टि से देखता है। वह सोचता है कि मैं आलू भरे पराँठे की तरह हूँ और छोटी पतली रोटी की तरह। मैं लंबा, मोटा-तगड़ा हूँ, जबकि छोटी दुबली-पतली। समरसिंह अपने को पटसन का रस्सा तथा छोटी को कच्ची सुतली मानता है।

2. लेकिन जब बैठे सी-सॉ पर,

होश ठिकाने आए,

छोटी जा पहुँची चोटी पर,

समरसिंह चकराए।

शब्दार्थ: होश ठिकाने आना-समझ में आना। चोटी-ऊँचाई। चकराना-चकित होना।

प्रसंग: पूर्ववत।

व्याख्याः कवि कहता है कि अपनी लंबाई-चौड़ाई तथा मोटापे के अभिमान में डूबे समरसिंह जब सी-सॉ पर बैठे तब उनका घमंड चूर हो गया। हल्की होने के कारण छोटी झूले के दूसरे छोर पर ऊपर हो गई, जबकि मोटा और भारी होने के कारण समरसिंह नीचे रह गए और उनका घमंड जाता रहा।

प्रश्न-अभ्यास

(पाठ्यपुस्तक से)

पहुँचेगा कौन चोटी पर?

मोटा-तगड़ा समरसिंह नीचे रह गया।




पतली-दुबली छोटी ऊपर पहुँच गई।

**प्रश्न 1.**

बताओ इनमें से कौन ऊपर जाएगा, कौन नीचे रह जाएगा?




उत्तर :

|  |  |  |  | तुम | तुम्हारा दोस्त/सहेली |
|---|---|---|---|---|---|
| ऊपर | नीचे | नीचे | ऊपर | ऊपर | नीचे |

गोला लगाओ

प्रश्न **2.**

समरसिंह बहुत अकड़ते थे। इनमें से कौन-कौन अकड़ेगा**?**

उत्तर **:**

राजा　　कक्षा का मॉनीटर　　सुहानी

पहलवान　　शेर　　चोर　　तुम्हारा दोस्त

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :

- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी……
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.